Phone & Fax no. 0135-2658294
E-mail: cfshiwa-forest-uk@nic.in

# कार्यालय वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक 1215 /12-1 दिनांक 18 दिसम्बर, 2023

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद पौडी गढवाल में टी02 (ओ0डी0आर0) के किमी0 57.00 से मंजोखी मोटर मार्ग (लम्बाई – 7.600 कि0मी0) के निर्माण हेतु 5.659 है0 का ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन प्रकरण में लगी आपत्तियों के निराकरण के सम्बन्ध में।
(Online Proposal No. (FP/UK/ROAD/11141/2015)

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–427 / 12–1 देहरादून दिनॉक 01.09.2023।

महोदय,

उपरोक्त विषय में भारत सरकार के कार्यालय पत्रांक– 08बी / यू0सी0पी.0 / 06 / 87 / 2016 / एफ.सी. / 283, दिनांक– 31.05.2023 के द्वारा लगायी गयी आपत्तियों के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैन्सडौन को स्वयं प्रस्तावक विभाग के साथ स्थलीय निरीक्षण कर अपनी स्थलीय जॉच आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। निर्देशों के अनुपालन, में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक– 1031 / 12–1 दिनांक–16 / 12 / 2023 से सूचित किया गया है कि उनके द्वारा प्रस्तावक विभाग के साथ विषयांकित मोटर मार्ग का दिनांक–14 / 10 / 2023 को स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसकी जॉच आख्या निम्न प्रकार इस कार्यालय को प्रस्तुत की गई हैः–

| क्र0 सं0 | आपत्ति | | निस्तारण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | भारत सरकार पर्यावरण, वन जलवायु परिवर्तन मंत्रालय / एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून | अपर प्रमुख वनसंरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड देहरादून | प्रस्तावक विभाग पी0एम0जी0एस0वाई0– सिचांई खण्ड कोटद्वार | प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैन्सडौन | वन संरक्षक, शिवालक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादन |
| 1 | 1. The area under violation is required to be assessed and detailed report of DFO along with all the details is requested to be submitted<br>2. The information regarding the action taken by the forest department under the IFA 1927 is also required to be submitted | – | पत्रॉक– 492 / पी0एम0 जी0एस0वाई0 सि0ख0 कोटद्वार दिनॉक 22.06.2023। | पत्रॉक– 2731 / 12–1 दिनॉक 24.06.2023। | पत्रॉक– (27796 / 2023) लीज–12–1 01 / 20 / 2023–2V M-Forest dept dt 14-07-2023 |
| 2 | | अपर प्रमुख वनसंरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रॉक 157 / FP/UK/ROAD/11141/2015 DT 25-07-2023 के द्वारा भारत सरकार. के उक्त पत्र दिनॉक 31.05.2023 पर सूचना प्रश्न–उत्तर कॉलम में दिये जाने के निर्देश दिये गये है। | पत्रॉक– 670 / पी0एम0 जी0एस0वाई0 सि0ख0 कोटद्वार दिनॉक 07.08.2023। | पत्रॉक– 2885 / 12–1 दिनॉक 08.08.2023। | पत्रॉक– (32707 / 2023) लीज–12–1 01 / 20 / 2023– 2VM-Forest dept dt 21-08-2023 |

प्राप्त
कार्यालय – अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल
दिनांक 18/12/23


टी02 (ओ0डी0आर0) के किमी0 57.00 से मंजोखी मोटर मार्ग (लम्बाई–7.600 कि0मी0) मोटर मार्ग पर भारत सरकार के पत्रॉक 8बी/यू0सी0पी0/06/87/2016/एफ0सी0/1961 दिनॉक 17.12.2018 सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त है।

निरीक्षण के दौरान प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त मोटर मार्ग पर कटिंग का कार्य वर्ष 2019–2020 तक पूर्ण हुआ। इस प्रकार मोटर मार्ग की कटिंग को 03 वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है। जिसके कारण मोटर मार्ग पर तीन मानसूनकाल में हुयी वर्षा के कारण कि0मी0– 01.00 के चैनेज सं0–0.025 कि0मी0, कि0मी0 2.00 के चैनेज सं0 1.900 कि0मी0, कि0मी0 3.00 के चैनेज सं0 2.050 कि0मी0, कि0मी0–5.00 के चैनेज सं0 4.775 कि0मी0, कि0मी0 7.00 के चैनेज सं0 6.100 कि0मी0 व कि0मी0 8.00 के चैनेज सं0–7.450 कि0मी0 में स्लाइडिंग जोन बनने से मलवा आया हुआ है। कि0मी0–1.00 के चैनेज सं0 0.025 कि0मी0 पर एक डम्पिंग जोन के वायरक्रेट टूटने से कुछ मलवा डम्पिंग जोन से बाहर गया है। कि0मी0 2.00 में कच्चा पहाड होने व पहाड के नीचे कूला गॉव होने के कारण उक्त कि0मी0 में अतिरिक्त डाम्पिंग साइट एवं सुरक्षात्मक दीवार निर्मित करने से वन सम्पदा एवं गॉव को सुरक्षा प्रदान की गयी है।


उक्त मोटर मार्ग के वनभूमि प्रस्ताव के अनुसार मलवा निस्तारण हेतु 10 डम्पिंग साईट पर कटिंग से उत्सर्जित मलवे का डिस्पोजल किया जाना प्रस्तावित था। प्रस्तावक विभाग द्वारा उक्त मोटर मार्ग पर 10 डम्पिंग साईट बनाये गये है। जिसमें से प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा 04 डम्पिंग साइट का निरीक्षण किया गया, परन्तु उक्त निरीक्षण की गई 04 डम्पिंग साईट की जी0पी0एस0 रिडिंग प्रस्ताव में अंकित जी0पी0एस0 रिडिंग से निम्नानुसार भिन्न पायी गयी। जिसका विवरण निम्न तालिका में वर्णित है।


| क्र0 सं0 | डम्पिग जोन हेतु प्रस्तावित स्थल | | | वास्तविक डम्पिंग जोन स्थल<br>one second of latitude covers about 80 feet (24 mtr) & one second of longitude covers about 101 feet (30.78 mtr) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **X-Section's** | **Latitude** | **Longitude** | **Latitude** | दूरी का अन्तर (मीटर में) | **Longitude** | दूरी का अन्तर (मीटर में) |
| 1 | Chainage 0.550 Km | 30$^0$1'53.92''N | 78$^0$29'19.98E | 30$^0$1'55.12''N | 36.93 | 78$^0$29'16.53E | 84.11 |
| 2 | Chainage 1.150 Km | 30$^0$27'.63''N | 78$^0$29'27.51E | 30$^0$2'10.88''N | 100.03 | 78$^0$29'29.62E | 51.44 |
| 3 | Chainage 1.925 Km | 30$^0$2'26.55''N | 78$^0$29'42.02E | 30$^0$2'21.38''N | 159.13 | 78$^0$29'38.09E | 95.81 |
| 4 | Chainage 7. 200Km | 30$^0$1'33.96''N | 78$^0$30'23.67E | 30$^0$1'35.01''N | 32.31 | 78$^0$30'28.65E | 121.41 |

<u>निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल की फोटोग्राफ</u>








टी02 (ओ0डी0आर0) के किमी0 57.00 से मंजोखी मोटर मार्ग (लम्बाई–7.600 कि0मी0) के वनभूमि प्रस्ताव में वर्तमान में साइट पर निर्मित डम्पिंग साईट के **GPS Coordinate (Latitude & Longitude)** में 30 मीटर से 160 मीटर तक आ रहे अन्तर के सम्बन्ध में प्रस्तावक विभाग द्वारा निम्न तथ्य प्रस्तुत किये गये।

- ❖ मार्ग निर्माण से पूर्व, खडे पहाड पर कटिंग से पहले जी0पी0एस0 की रिडिंग ली गयी थी तथा सडक का कुछ भाग घाटीयों के मध्य से होकर भी गुजरता है। जिससे सम्भवत जी0पी0एस0 की रिडिंग में कुछ अन्तर आना व्यवहारिक है।
- ❖ उक्त वनभूमि प्रस्ताव हेतु संयुक्त निरीक्षण दिनॉक 19.09.2014 एवं 20.09.2014 को किया गया था। तत्समय मलवा निस्तारण हेतु जो स्थल चयनित किये गये थें वह कार्यस्थल के पहाडी क्षेत्र से लिये गये थे। उसकी जी0पी0एस रिडिंग **(Latitude & Longitude)** पुरानी डिवाईस से ली गयी थी। सड़क कटान से पूर्व साईट की **Terrain Steep** थी। जिससे वास्तविक प्रस्तावित डम्पिंग साईट तक जाना सम्भव नही था तथा पुरानी जी0पी0एस0 डिवाईज की यथार्थता के कारण भी जी0पी0एस0 की रिंडिग में कुछ अन्तर आ सकता है।
- ❖ प्रस्ताव में डम्पिंग साइट के **GPS Coordinate (Latitude & Longitude)** एक बिन्दु पर लिये गये है। जबकि प्रत्येक डम्पिंग साइट की लम्बाई प्रस्ताव में 60 से 75 मीटर से अधिक है, वर्तमान में भी साईट पर निर्मित डम्पिंग साईट के Randomly एक बिन्दु के **GPS Coordinate (Latitude & Longitude)** लिये गये है। जिससे जी0पी0एस0 की रिडिंग में कुछ अन्तर आना व्यवहारिक है।
- ❖ वास्तविक डाम्पिंग साईट का चयन मोटर मार्ग की कटिंग के दौरान साईट की Stability को देखते हुये किया गया है। चूकि विभाग द्वारा सामान्यतः वायरकेट को Hard Strata पर लगाया जाता है। परन्तु प्रस्ताव में अंकित डाम्पिंग साइट पर Loose Strata मिलने के कारण डम्पिंग साईट में अंशिक परिवर्तन हुआ है।

अतः प्रस्तावक विभाग द्वारा दिये गये उपरोक्त तथ्यो के मध्यनजर साइट पर निर्मित डम्पिंग साईट के **GPS Coordinate (Latitude & Longitude)** में 30 से 160 मीटर का अन्तर आना व्यवहारिक है।

अतः प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा दी गई स्थलीय जॉच आख्या इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि प्रस्ताव की स्वीकृति के सम्बन्ध अग्रेत्तर कार्यवाही करने पर विचार करना चाहें।

भवदीय,

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।

पत्रांकः– 1215 / 12–1 तददिनांकित ।

प्रतिलिपिः– प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैन्सडौन को उनके उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त,देहरादून।